**आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल**
**सेक्टर- 9 दवारका, नई दिल्ली**
**सत्र 2014-15**
संकलनात्मक मूल्यांकन (1) उत्तरकुँजी
कक्षा : चतुर्थ विषय :हिन्दी

---

**भाग क (पढ़ना)**

**प्रश्न 1 निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5)**

बाबा भारती के पास एक घोड़ा था।उसका नाम 'सुलतान' था।घोड़ा बहुत बलवान था।वह बहुत तेज़ दौड़ता था।उस जैसा घोड़ा पूरे इलाके में कहीं नहीं था।खड्गसिंह नाम के डाकू ने उस घोड़े के बारे में सुना।उसके मन में घोड़ा पाने की इच्छा जाग उठी।एक दिन वह राह में अपाहिज बनकर बैठ गया।जब बाबा भारती वहाँ आए तो उसने मदद की प्रार्थना की।बाबा भारती को अपाहिज पर तरस आया। उन्होंने उसे सहारा देकर घोड़े पर बिठा दिया।बाबा भारती लगाम पकड़कर चलने लगे। अचानक उन्हें झटका लगा।अपाहिज बना खड्गसिंह देखते ही घोड़ा ले भागा।तब बाबा भारती ने उसे रोककर कहा - "इस घटना का जिक्र किसी से मत करना वरना कोई किसी गरीब पर विश्वास नहीं करेगा।" अगले दिन खड्गसिंह को अपनी गलती का एहसास हुआ व वह घोड़ा वापिस अस्तबल में बाँधकर चला गया।

**(क)खड्गसिंह कौन था?** **उत्तर -**खड्गसिंह एक डाकू था।

**(ख)खड्गसिंह घोड़ा क्यों लेना चाहता था?**

**उत्तर -** घोड़ा बहुत बलवान था।वह बहुत तेज़ दौड़ता था।उस जैसा घोड़ा पूरे इलाके में कहीं नहीं था।इसलिए खड्गसिंह घोड़ा लेना चाहता था।

**(ग)खड्गसिंह क्या बनकर राह में बैठ गया?** **उत्तर -**वह राह में अपाहिज बनकर बैठ गया।

**(घ)खड्गसिंह घोड़ा कहाँ व क्यों बाँधकर चला गया?**

**उत्तर -** वह घोड़ा वापिस अस्तबल में बाँधकर चला गया क्योंकि उसे अपनी गलती का एहसास हो गया था।

**(ङ)गदयांश में से पर्यायवाची ढूँढों।** **अश्व -** घोड़ा , **कामना -**इच्छा

**भाग ख (भाषा)**

**प्रश्न 2 रिक्त स्थान में शब्दों में गिनती पूरी करें।** **(2)**

<u>चौंसठ</u> ,पैंसठ ,, <u>छियासठ ,सड़सठ</u> ,अड़सठ ,<u>उनहत्तर,</u> सत्तर

**प्रश्न 3 निम्नलिखित संयुक्ताक्षरों से दो- दो शब्द बनाओ।** **(2)**

(क) क्ष - क्षमा, क्षत्रिय आदि। (ख)श्र- श्रम, आश्रम आदि।

**प्रश्न 4 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखें।** **(2)**

(क)राम और सुग्रीव में सच्ची <u>मित्रता</u> थी। **भाववाचक संज्ञा**

(ख)कुम्हार **<u>मिट्टी</u>** से घड़े बनाता है। **जातिवाचक संज्ञा**

(ग)**<u>शाहजहाँ</u>** ने लालकिला बनवाया। **व्यक्तिवाचक संज्ञा**

(घ)भारतीय सैनिकों की **<u>वीरता</u>** का कोई मुकाबला नहीं। **भाववाचक संज्ञा**

**प्रश्न 5 रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य दुबारा लिखो ।** (2)

(क)डाकिया **<u>चिट्ठी</u>** बाँटकर जीविका चलाता है।

डाकिया **<u>चिट्ठियाँ</u>** बाँटकर जीविका चलाता है।

(ख)भारत में हर राज्य की अलग-अलग **<u>भाषा</u>** है।

भारत में हर राज्य की अलग-अलग **<u>भाषाएँ</u>** हैं।

**प्रश्न 6 दिए गए वाक्यों में क्रिया का उचित रूप लिखें।** (2)

(क)गीता ने विवाह में ढोलक **<u>बजाई</u>**। (बजाना)

(ख)सीता रस्सी **<u>कूदते</u>** हुए गिर गई। (कूदना)

(ग)पतंग **<u>उड़ाते</u>** हुए उसका हाथ माँजे से कट गया। (उड़ाना)

(घ)पुलिस चोर की ओर तेज़ी से **<u>झपटी</u>**। (झपटना)

**प्रश्न 7 रेखांकित शब्दों के विलोम रिक्त स्थान में लिखिए।** (2)

(क)परीक्षा देना **<u>साधारण</u>** बात है परंतु पूरी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करना **<u>विशेष</u>** बात है।

(ख)अध्यापिका जी ने कक्षा में **<u>मौखिक</u>** प्रश्न करवाए व गृह कार्य के लिए **<u>लिखित</u>** प्रश्न दिए।

(ग)मुझे **<u>परिश्रमी</u>** लोग पसंद है, **<u>आलसी</u>** नहीं। ।

(घ)सूर्य पूर्व दिशा में **<u>उदय</u>** होकर पश्चिम में **<u>अस्त</u>** होता है।

**प्रश्न 8 रिक्त स्थान में सही लिंग वाला शब्द चुनकर लिखें।** (2)

(क) **वीर** युद्ध में देश के लिए लड़ते हैं। (वीर/वीरांगना)

(ख)वह **कवयित्री** बहुत अच्छी कविता लिखती है। (कवि/ कवयित्री)

(ग) **गाय** का दूध पौष्टिक होता है। (गाय/ बैल)

(घ) **<u>ठकुराइन</u>** गाँव की महिलाओं की सभा में भाषण देती हैं। ( ठाकुर/ठकुराइन)

**प्रश्न 9रेखांकित संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनाम लिखकर वाक्य दोबारा लिखें।** (2)

(क)राम ने **<u>रावण</u>** को लंका में ही जाकर मारा। राम ने **<u>उस</u>** को लंका में ही जाकर मारा।

(ख)रोहित बीमार है इसलिए **<u>रोहित</u>** स्कूल नहीं गया। रोहित बीमार है इसलिए **<u>वह</u>** स्कूल नहीं गया।

**प्रश्न 10 लिंग बदलो।** (2)

(क)हाथी-हथिनी (ख)ग्वाला- ग्वालिन (ग)नाती-नातिन (घ)महोदय- महोदया

**प्रश्न 11 निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखें ।** (2)

(क)मुझे अपना पेन वापिस चाहिए।- मुझे ,अपना (ख)पुलिस ने जिन्हें पकड़ा वे सब चोर थे।- जिन्हें, वे

**भाग ग - (साहित्य)**

**प्रश्न 12 निम्न शब्दों के अर्थ लिखो।** **(2)**

(क)मसनद-**बड़ा तकिया** (ख) वेग-**तेज़ गति** (ग)प्रस्ताव-**बात,विचार** (घ)विधि- **उपाय,तरीका**

**प्रश्न 13 कविता 'यह है त्योहारों का देश' के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**हिंदू -मुसलमान की टोली,**
**ईद मिले औ खेले होली**
**आपस में हिलमिल रहने का**
**देते हम संदेश!**
**यह है त्योहारों का देश**

(क)इस कविता के कवि का नाम लिखें। **उत्तर-सुरेश सलिल** **( 0.5)**

(ख)हिंदू -मुसलमान की टोली क्या करती है? **( 1)**

**उत्तर- हिंदू-मुसलमान की टोली मिल -जुलकर ईद और होली जैसे सभी त्योहार मनाती है।**

(ग)कवि क्या संदेश देने की बात कर रहा है? **(1)**

**उत्तर- कवि आपस में हिलमिल रहने का संदेश दे रहा है।**

(घ)'हिलमिल' का अर्थ लिखें। **उत्तर-मिल - जुलकर।** **(0.5)**

**प्रश्न 14 रिक्त स्थान भरें।** **(2)**

(क)लेखक को एक **<u>नौकरी</u>** की तलाश थी।

(ख)गाँधी जी पत्रों के **<u>लिफ़ाफों</u>** को लिखने के काम में लेते थे।

(ग)पाठ' गुब्बारे में चीता' के लेखक **<u>प्रेमचंद</u>** हैं।

(घ)छिपकली **<u>मच्छर</u>** खाती है।

**प्रश्न 15 निम्नलिखित वाक्यों में सही (√)या गलत(×) का निशान लगाएँ।** **( 1)**

(क) चिड़िया की तीन बहनें थीं × (ख) बच्चों के विवाद का निपटारा पिताजी ने किया। √

**प्रश्न 16 किसने, किससे कहा।** **(4)**

(क)मुझको मालूम नहीं था यह बगीचा आपका है। उत्तर-**चिड़िया ने सेठजी से कहा।**

(ख)तो कोई फटा -पुराना कपड़ा ही दे दो। उत्तर-**भिखारी ने लेखक से कहा।**

(ग)आओ ,चले आओ, चार आने में आसमान की सैर कर लो। उत्तर-**गुब्बारेवाले ने बलदेव/दर्शकों से कहा।**

(घ)खोल कमरे में नहीं टाँगे जाते,कूड़े में फेंके जाते हैं। उत्तर-**पिताजी ने राजा से कहा।**

**प्रश्न 17 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

(क)नौकरी पाने की क्या शर्त थी ? **( 1)**

**उत्तर- नौकरी पाने की शर्त थी नौकर कभी हँसेगा नहीं, जिस दिन हँसेगा नौकरी से निकाल दिया जाएगा।**

(ख)गाँधी जी के मन में क्या विचार उठा? **( 1)**

**उत्तर- गाँधी जी के मन में दातुन के एक से अधिक उपयोगों के बारे में विचार उठा।**

(ग)वृक्ष वायुमंडल को कैसे स्वस्थ रखते हैं? **(1)**

**उत्तर-वृक्ष वायुमंडल से कार्बनडाइआक्साइड लेकर आक्सीज़न देते हैं।इस तरह वृक्ष वायुमंडल को स्वस्थ रखते हैं।**

(घ) सेठ के बटन दबाने पर क्या हुआ ? **(1)**

**उत्तर- सेठ के बटन दबाते ही नौकर चिड़िया को पकड़ने के जतन में जुट गया।**

(ङ)गांधी जी ने बालटी क्यों टँगवाई?उसका क्या उपयोग होता? **(2)**

**उत्तर- गांधी जी ने इस्तेमाल हो चुके दातुन के टुकड़े इकट्ठा करने के लिए बालटी टँगवाई।इन दातुन के टुकड़ों का प्रयोग ईंधन के रूप में होता।**

(च)बलदेव ने अपनी जान कैसे बचाई ? **(2)**

**उत्तर- बलदेव ने गुब्बारे का मुँह खोलकर उसकी गैस निकाली।गुब्बारा जब ज़मीन से थोड़ी ऊँचाई पर रह गया तो वह गुब्बारे की रस्सी छोड़कर दरिया में कूद गया।फिर तैरकर सुरक्षित जगह पर आ गया।**

## भाग घ (लेखन)

**प्रश्न 18 दिए गए संकेतों के आधार पर अनुच्छेद लिखिए। (5)**

### मेरा देश

देश का नाम,राज्य,महासागरों से घिरा ,प्रमुख नदियाँ, पहाड़ ,त्योहार,वेश-भूषा, भाषाएँ ,धर्म,अनेकता में एकता।

**या**

**प्रश्न प्रधानाचार्या जी को कक्षा का विभाग (सैक्शन) बदलवाने हेतु प्रार्थना पत्र लिखें। छात्र अपनी रचनात्मकता के अनुसार लिखेंगे।**